न्यायालय सहायक कलेक्टर (एस.डी.ओ.) बालोतरा केम्प कोर्ट रामसीन
पीठासीन अधिकारी : श्री नरेश सोनी, आर.ए.एस

राजस्व वाद संख्या 129/2021

वादी :–
अमित संचेती पुत्र श्री बाबूलाल संचेती जाति ओसवाल निवासी बालोतरा तहसील पचपदरा जिला बाडमेर ।

बनाम

प्रतिवादीगण :–

1. आजाद संचेती पुत्र लक्ष्मीपंत जाति जैन निवासी बालोतरा तहसील पचपदरा।
2. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार पचपदरा
3. वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबन्धक, रीकों लि0 बालोतरा

राजस्व वाद अन्तर्गत धारा 88 राज0 काश्त0 अधि0 1955 वास्ते घोषणा व दुरूस्ती

उपस्थिति :–1. उभय पक्षकरान
2. पेरोकार सरकार जरिये उप तहसीलदार जसोल
3. वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबन्धक, रीकों लि0 बालोतरा

निर्णय

दिनांक :– 09.10.2021

वादी के द्वारा वादपत्र के सक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि मौजा बालोतरा के खेत खसरा नं. 79 रकबा 10 बीघा 12 विस्वा में से 10 विस्वा व खसरा नं. 80 में रकबा 6–06 मे से 01.10 बीघा भूमि वादी व प्रतिवादी संख्या 01 के नाम संयुक्त रूप से पंजीयन बैचान दस्तावेज सं. 752/2003 दिनांक 23/05/2003 को क्रय की गई थी। वक्त क्रय भूमि की बैचान दस्तावेज पंजीयन करवाते समय वादी की वल्दीयत अमीत संचेती पुत्र श्री बाबूलालजी संचेती के स्थान पर लक्ष्मीपंत लिपिकीय त्रुटिवंश दर्ज किया गया, बैचान के आधार पर राजस्व रेकर्ड में नामान्तरकरण दर्ज कर अमलदरामद किया गया लक्ष्मीपंत जी व बाबूलालजी दोनों आपस में सगे भाई है उक्त भूमि रिको लि0 औधोगिक क्षेत्र चतुर्थ चरण बालोतरा में आवाप्त हुई थी, मुवावजे के एवज में 25 प्रतिशत विकसित भूमि भूखण्ड संख्या जी–479 का आंवटन किया गया था, जिसकी लीजडीड दिनांक 13/03/2012 को तैयार कर दिनांक 28.05.2012 को उप पंजीयक जसोल के यहां पर पंजीयन कराई गई थी। उक्त खातेदारी भूमि में ... भूलवंश अमित संचेती पुत्र श्री बाबूलाल के स्थान पर लक्ष्मीपंत दर्ज किया

(नरेश सोनी)
उपखण्ड अधिकारी एवं सहायक कलक्टर
बालोतरा, प्रशासन गांवों के संग अभियान 2021
ग्राम पंचायत

Signature Not Verified
Digitally signed by Naresh Soni
Date: 2022.05.14 18:44:25 IST
Reason: SelfAttested

Scanned by TapScanner

गया बाबूलाल का पुत्र वादी हूँ तथा प्रतिवादी आजाद कुमार पुत्र श्री लक्ष्मीपंत के जाईन्दा पुत्र है।

यह है कि बाबूलाल व लक्ष्मीपंत्त दोनो सगे भाई थे वादी व प्रतिवादी दोनो आपस में चचेरे भाई है, लेकिन पंजीयन करवाते समय दोनों की एक ही वल्दीयत अर्जिनिवेश की त्रुटि से दर्ज की गई, जिसका वादी छोटा होने से ज्ञान नही रहा।

वादी के वल्दीयत सही नही होने से वादी को रिको क्षेत्र द्वारा आवाप्त की गई भूमि का पट्टा विलेख आदि कार्य करने में परेशानी हो रही है। वादी की सही वल्दीयत के पिताजी का नाम बाबूलाल ही है। लक्ष्मीपंत के अमित नाम का कोई जाइन्दा पुत्र नही है केवल मात्र बैचान दस्तावेज पंजीयन करवाते समय ही लिपिकिय त्रुटि से वादी की गलत वल्दीयत दर्ज हुई है, वादी व प्रतिवादी के नाम से सयुक्त भूमि में वादी की वल्दीयत गलत दर्ज होने से सरकारी बैंक में इस भूमि के बारे में खाते खोलने में व रिको कार्यालय में गलत वल्दीयत नाम दर्ज होने के कारण वादी का हित प्रभावित हो रहा है। वादी का वाद केवल मात्र वल्दीयत दुरस्ती का है ।

अंत में निवेदन किया गया कि वाद ग्रस्त भूमि वादी के नाम भूमि क्रय करते समय पिता का नाम भूलवंश सहवन से बाबूलाल की जगह पर लक्ष्मीपंत दर्ज हुआ हैं, जो जानबुझकर दर्ज नही करवाया गया है। कृपया वादी का वाद को स्वीकार कर वादी ग्रस्त आराजी में वादी की वल्दीयत लक्ष्मीपंत के स्थान पर उपरोक्त साक्ष्यो सबूतो के आधार पर बाबूलाल संचेती नाम घोषित करवाने का निवेदन किया गया।

वादी के वाद को दर्ज कर प्रतिवादी को जरिये सम्मन तलब किया गया।

प्रतिवादीगण संख्या 1 की तरफ से ईकबाली जबाबदावा पेश कर वादी के वाद पत्र के समस्त तथ्यों को सही होना स्वीकार किया गया एवं वाद ग्रस्त भूमि वादी के नाम भूमि क्रय करते समय पिता का नाम भूलवंश सहवन से बाबूलाल की जगह पर लक्ष्मीपंत दर्ज हुआ हैं, जो जानबुझकर दर्ज नही करवाया गया है। कृप्या वादी का वाद को स्वीकार कर वादी ग्रस्त आराजी में वादी की वल्दीयत लक्ष्मीपंत के स्थान पर उपरोक्त साक्ष्यो सबूतो के आधार पर बाबूलाल संचेती नाम घोषित करवाने का निवेदन किया गया, इसमें उन्हे कोई आपत्ति व उज्र एतराज नहीं है।

वादी के द्वारा साक्षी वादी में शपथ–पत्र पीडब्लू.1गवाह अमित संचेती, पीडब्लू.2 गवाह आजादकुमार, पीडब्लू.3 गवाह लक्ष्मीपंत, पीडब्लू.4गवाह गजेन्द्र कुमार, पीडब्लू.4गवाह सुरेश कुमार के द्वारा भी वाद–पत्र में अंकित तथ्यों की ताईद की गई।

(नरेश सोनी)

Signature Not Verified
Digitally signed by Naresh Soni
Date: 2022.05.14 18:44:25 IST
Reason: SelfAttested

Scanned by TapScanner

वादी एवं प्रतिवादीगण को सुना गया, प्रतिवादी संख्या 2 पेरोकार सरकार एवं वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबन्धक, रीकों लि0 बालोतरा को राजस्व रिकार्ड अनुसार दुरूस्ती की जाति है, तो कोई ऐतराज नहीं है।

हमनें पत्रावली का गहनता से अवलोकन किया गया बाद अवलोकन पाया गया कि मौजा बालोतरा के खेत 79 रकबा 10 बीघा 12 बिस्वा में से 10 बिस्वा व खसरा नं. 80 में रकबा 6–06 मे से 01.10 बीघा भूमि में उक्त खातेदारी भूमि के अलावा वादी के राशन कार्ड संख्या राशन कार्ड संख्या 200000423880, आयकर पैन कार्ड नं. AYKPS5970M, में भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा जारी पहचान पत्र संख्या SSB/0969881, वर्ष 2003 में उच्च माध्यमिक परीक्षा अंक तालिका, मूल निवास प्रमाण पत्र संख्या 6984 दिनांक 02.07.2014, आधार कार्ड संख्या 3107 5286 8396 सभी दस्तावेजात में अमित पुत्र श्री बाबूलालजी संचेती नाम ही दर्ज है उपरोक्त दस्तावेजात एवं प्रस्तुत साक्षी वादी गवाहन पीडब्लू 1 ता 5 के बयानों एवं सभापत्ति नगर परिषद, बालोतरा के द्वारा जारी प्रमाण–पत्र के अवलोकन स्पष्ट साबित है कि वादी का सही नाम अमित पुत्र श्री बाबूलालजी संचेती ही दर्ज है, वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबन्धक, रीकों लि0 बालोतरा को राजस्व रिकार्ड अनुसार कोई दुरूस्ती करने में कोई ऐतराज नहीं है, ऐसी स्थिति में वादी के वाद को स्वीकार करने में कोई आपत्ति प्रतीत नहीं होती है ।

उपरोक्त विवेचन के आधार वादी के वाद को स्वीकार किया जाकर मौजा बालोतरा के खेत खसरा नं. 79 रकबा 10 बीघा 12 बिस्वा में 10/212 हिस्सा व खसरा नं. 80 में रकबा 06.06 बीघा 30/126 हिस्सा भूमि रिको लि0 औधोगिक क्षेत्र चतुर्थ चरण बालोतरा अवाप्ति अनुसार वादग्रस्त आराजी में वादी अमित संचेती की वल्दीयत लक्ष्मीपंत के स्थान पर उपरोक्त साक्ष्यो सबूतो के आधार पर बाबूलाल संचेती घोषित घोषित की जाती है। तदानुसार वरिष्ठ क्षेत्रीय प्रबन्धन रिकों, बालोतरा चतुर्थ चरण में भूखण्ड संख्या जी–479 में वादी की वल्दीयत परिवर्तन की जावे। वादी की वल्दीयत के संबंध में अगर भविष्य में कोई विवाद तनाजा उत्पन्न होगा, तो इसकी समस्त जिम्मेदारी वादी स्वंय की होगी। निर्णय आज दिनांक 09.10.2021 को कोर्ट केम्प रामसीन में मजमें आम में सुनाया गया।

(रिंकू सोनी)
कैम्पसीन अधिकारी उपखण्ड अधिकारी बदेन सहायक कलक्टर
बालोतरा, प्रशासन गांवों के संग अभियान 2021
कैम्प ग्राम पंचायत रामसीन प.स.

Signature Not Verified
Digitally signed by Naresh Soni
Date: 2022.05.14 18:44:25 IST
Reason: SelfAttested

Scanned by TapScanner